दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्व की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 ‖ Email :- nyaysakshi@gmail.com ‖ रायगढ़, सोमवार 11 मार्च 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-01, अंक-161

आतंक के आकाओं को समझ आ गया कि यह नया भारत है, उन्हीं की भाषा में जवाब देगा: पीएम मोदी

ग्रेटर नोएडा (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को ग्रेटर नोएडा में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया. इस दौरान पीएम मोदी ने एक सभा में एयर स्ट्राइक के बहाने पाकिस्तान और इस पर सबूत मांगने वालों पर भी जमकर प्रहार किया. पीएम ने कहा, 'एयर स्ट्राइक के बाद सबसे पहले पाकिस्तान ने ट्वीट करके कहा कि भारत की सेना ने हमारे घर में घुसकर मारा है.'

पीएम मोदी ने कहा कि भारतीय वीरों की बहादुरी से पाकिस्तान इस कदर घबरा गया था कि 5 बजे ही चिल्लाने लगा कि मोदी ने मारा, मोदी ने मारा. लेकिन हमारे देश में कुछ ऐसे सिरफिरे लोग हैं, जिन्होंने 8-9 बजते ही कहना शुरू कर दिया कि पता नहीं ये बालाकोट कहां है और वहां क्या क्या हुआ.

प्रधानमंत्री ने कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के बाद आतंक के आकाओं को समझ में आ गया है कि ये पुराना भारत नहीं है. देश के वीर जवान उन्हें जवाब दे रहे हैं, लेकिन इस देश के नागरिक के तौर पर सतर्क रहकर हमे भी अपना दायित्व निभाना है.

बता दें कि शनिवार को पीएम मोदी ने नोएडा मेट्रो सिटी सेंटर-इलेक्ट्रॉनिक सिटी सेंटर सेक्शन और पं. दीनदयाल उपाध्याय पुरातत्व संस्थान का उद्घाटन किया. साथ ही उन्होंने यूपी के खुर्जा में सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट और बिहार के बक्सर में 1320 मेगा वाट थर्मल पावर प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी.

मौसम में खराबी के कारण न्यूयॉर्क में उतरा टर्किश विमान, करीब 25 लोग घायल

न्यूयॉर्क (आरएनएस)। टर्किश एयरलाइन्स का एक विमान मौसम संबंधी गंभीर समस्या उत्पन्न होने के बाद न्यूयॉर्क के कैनेडी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर सुरक्षित उतारा गया। इस दौरान करीब 32 लोग घायल हो गए। न्यूयॉर्क और न्यू जर्सी के बंदरगाह प्राधिकरण के प्रवक्ता स्टीव कोलमैन ने बताया कि विमान शनिवार को स्थानीय समयानुसार शात पांच बजकर 35 मिनट पर यहां उतरा, जिसके बाद 10 लोगों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया।

जिहादी दुल्हन के नवजात बच्चे की मौत

सीरिया से वापस आने की कर रही है मांग

दमिश्क (आरएनएस)। दुनिया भर में जिहादी दुल्हन के नाम से चर्चित हुई शमीमा बेगम के नवजात बेटे की मौत हो गई है। बांग्लादेशी मूल की ब्रिटिश युवती ने 2015 में सीरिया जाकर इस्लामिक स्टेट आतंकी संगठन में शामिल होने का फैसला लिया था। सीरियन डेमोक्रिट के प्रवक्ता ने बताया कि बेगम के नवजात बेटे की मौत खराब स्वास्थ्य के कारण हुई है। बच्चे का जन्म 17 फरवरी को हुआ था। खराब स्थास्थ्य के चलते शमीमा बेगम और उसके बच्चे को गुरुवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन बच्चे की मौत हो गई। शुक्रवार को उसके बच्चे को दफनाया गया।

दो सप्ताह पहले ही जन्मे बच्चे का नाम जर्राह था और जन्म के समय से ही न्यूमोनिया पीड़ित था। बच्चे की गुरुवार को तबीयत बिगड़ने के बाद, कुर्दिश रेड क्रीसेंट के मेडिकल स्टाफ ने मां और नवजात शिशु को अल-हॉल शिविर से अल-हसाकाह शहर के मुख्य अस्पताल में भेज दिया था।

कोलंबिया में इंजन फेल होने से विमान दुर्घटनाग्रस्त, पायलट समेत 12 की मौत

बोगोटा (आरएनएस)। दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया में शनिवार को एक विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से 12 लोगों की मौत हो गई। कोलंबिया के सिविल एरोनॉटिक्स (एरोसिविल) की विशेष प्रशासनिक इकाई ने यह जानकारी दी। दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान की पहचान डगलस डीसी-3 के रूप में की गई है। यह विमान विलाविसेंसियो शहर में हवाई अड्डे पर पंजीकृत था। कोलंबिया की सरकार ने बताया है कि द डगलस डीसी 3 विमान, देश के मध्य पूर्व में दुर्घटनागस्त हो गया। इस विमान में दो ईंजन लगे थे। सरकार ने यह भी बताया कि यह विमान उस वक्त दुर्घटनग्रस्त हुआ जब यह सान जोश देल गुआवियारे और विल्लाविसेंसियो के बीच उड़ान पर था।

प्लेन हादसे में मारे गए लोगों में स्थानीय नगरपालिका तरैरा की मेयर, उनके पति और उनकी बेटी शामिल हैं. इसके अलावा प्लेन के पायलट और को पायलट और एक उड्डयन एक्सपर्ट भी इस हादसे में मारा गया है।

देश की सुरक्षा में सीआईएसएफ की भूमिका अहम

गाजियाबाद में बोले पीएम मोदी

गाजियाबाद (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गाजियाबाद के इंदिरापुरम स्थित केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के 50वें स्थापान दिवस पर आयोजित समारोह में हिस्सा लेने पहुंचे. इस दौरान पीएम मोदी ने सीआईएसएफ के पथ संचलन की सलामी ली. पीएम मोदी ने कहा कि स्वतंत्र भारत के सपनों को साकार करने में सीआईएसएफ एक महत्वपूर्ण इकाई है. 50 साल तक लगातार हजारों लोगों ने आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इसे विकसित किया है, तब जाकर ऐसा संगठन बनता है.

सीआईएसएफ के 5वें बटालियन कैम्प में जवानों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि एक संगठन को सुरक्षा देना, जहां 30 लाख तक लोग आते हों, जहां हर चेहरा अलग हो, सबका व्यवहार अलग हो. ये काम किसी वीआईपी को सुरक्षा देने से कई गुना बड़ा काम है.

पीएम मोदी ने कहा कि देश में ही नहीं विदेश में भी जब मानवता संकट में आई है. तब सीआईएसएफ ने अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई है. आपदाओं की स्थिति में भी आपका योगदान हमेशा से सराहनीय रहा है. केरल में आई भीषण बाढ़ में आपने राहत, बचाव के काम में दिन रात एक करके हजारों लोगों का जीवन बचाने में मदद की.

वहीं एयरपोर्ट और मेट्रो में सुरक्षा सीआईएसएफ के समर्पण से ही संभव हो पाई है.

बता दें कि पीएम मोदी इंदिरापुरम में सीआईएसएफ के 5वें बटालियन कैम्प में आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए.

पूर्व इलेक्शन कमिश्नर कुरैशी ने दिया कांग्रेस-आप के आरोपों का जवाब

लोकसभा चुनाव 2019

नई दिल्ली (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान आज हो सकता है. शाम 5 बजे विज्ञान भवन में चुनाव आयोग की प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी. बता दें कि लोकसभा चुनाव के साथ ही 5 राज्यों आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, ओडिशा और जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान भी हो सकता है. लोकसभा के चुनाव 7 से 8 चरणों में हो सकते हैं, 2004 के लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान भी रविवार को ही किया गया था. उधर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस की तरफ से तारीखों में देरी पर उठाए जा रहे सवालों का पूर्व इलेक्शन कमिश्नर एसवाई कुरैशी ने जवाब दिया है.

देर हुई है पर अब भी वक्त

पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त डॉ. एसवाई कुरैशी ने चुनाव की तारीखों को लेकर मचे बवाल के बीच ट्विटर पर बीते चुनावों के शेड्यूल से संबंधित एक आंकड़ा शेयर किया है. इस आंकड़े के मुताबिक, 2004 में अधिसूचना 29 फरवरी, 2009 में अधिसूचना 2 मार्च और 2014 में 5 मार्च को अधिसूचना जारी हुई थी. ऐसे में देखा जाए तो इस बार चुनाव आयोग की अधिसूचना में थोड़ी देरी हुई है.

कुरैशी के मुताबिक, 2004 में 1 जून, 2009 में 30 मई, 2014 में 3 जून को लोकसभा का कार्यकाल खत्म हुआ था. इस बार 2 जून को लोकसभा का कार्यकाल खत्म हो रहा है.

उच्च न्यायालय ने कॉलेज की उपस्थिति को आधार से जोड़ने के संबंध में आयुष मंत्रालय से मांगा जवाब

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली उच्च न्यायालय ने कॉलेजों में आधार आधारित बायोमीट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू करने के फैसले के खिलाफ दायर याचिका पर आयुष मंत्रालय से जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति सी हरिशंकर ने मंत्रालय और केंद्रीय भारतीय चिकित्सा परिषद से इस याचिका के जवाब में हलफनामा दायर करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 23 मई को होगी। याचिका में उत्तराखंड के उत्तरांचल आयुर्वेदिक कॉलेज ने नौ जनवरी को हुए एक बैठक के कार्यवृत (बैठक में लिए गए फैसलों) को खारिज करने की मांग की है। इस बैठक में कॉलेज के कर्मचारियों और छात्रों के लिए आधार आधारित बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली को लागू करने का फैसला लिया गया था। याचिका में कहा गया है कि यह फैसला उच्चतम न्यायालय की संविधान पीठ के फैसले का उल्लंघन है क्योंकि न्यायालय ने आधार को लेकर दिए गए अपने फैसले में कहा था कि किसी भी व्यक्ति पर इसके इस्तेमाल को लेकर दबाव नहीं डाला जा सकता है।

किसके संरक्षण में ऐशो आराम की जिंदगी जी रहा है नीरव: प्रियंका

नई दिल्ली। अरबों रुपये की बैंक जालसाजी के आरोपी नीरव मोदी के लंदन में रहने और वहां की सड़कों पर सरेआम घूमने से जुड़ी खबर को लेकर कांग्रेस ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला और सवाल किया कि आखिर यह भगोड़ा किसके संरक्षण में ऐशो-आराम की जिंदगी जी रहा है। पार्टी ने यह भी आरोप लगाया कि हजारों करोड़ रुपये लूटकर ऐशगाह में जिंदगी बिताना इस सरकार में ही मुमकिन है। कांग्रेस प्रवक्ता प्रियंका चतुर्वेदी ने संवाददाताओं से बातचीत में दावा किया कि प्रधानमंत्री कार्यालय को नीरव मोदी के बारे में पहले ही शिकायत की गई थी, लेकिन कोई कदम नहीं उठाया गया, क्योंकि प्रधानमंत्री खुद चाहते थे कि नीरव मोदी देश से फरार हो जाये। उन्होंने यह भी दावा किया कि प्रधानमंत्री को बहुत पहले ही नीरव मोदी और मेहुल भाई (मेहुल चौकसी) के सारे कारनामों की पूरी जानकारी थी। प्रियंका ने आरोप लगाया कि मोदी जी ने घोटालेबाजों और चोरों के लिए न सिर्फ नामुमकिन को मुमकिन किया, बल्कि समर्थन भी दिया है। उन्होंने कहा कि देश आज चौकीदार से सवाल पूछ रहा है कि नीरव मोदी किसके संरक्षण में लंदन में ऐशो-आराम की जिंदगी जी रहा है? नीरव मोदी मामले पर विदेश मंत्रालय के बयान को लेकर कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि सरकार ने गत अगस्त महीने में प्रत्यर्पण का आग्रह किया। इसके बाद से ब्रिटेन की सरकार पर दबाव क्यों नहीं बनाया गया? जिस प्रभावशाली कूटनीति का ढोल पीटा जाता है, उसका इस्तेमाल क्यों नहीं हुआ?

उज्जवला योजना के तहत 7 करोड़ लोगों को मिला गैस कनेक्शन

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री उज्जवला योजना ने एक बड़ा मुकाम हासिल कर लिया है। इस योजना का लाभ उठाने वाले लोगों की संख्या अब सात करोड़ के पार चले गई है। अब 87 फीसदी घरों तक एलपीजी गैस कनेक्शन पहुंच गया है। इस योजना का उद्देश्य 2020 तक आठ करोड़ गरीब परिवारों तक गैस कनेक्शन पहुंचाना रखा गया था। यानी सरकार अब अपने लक्ष्य के काफी करीब है। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 7 करोड़ वें लाभार्थी को गैस कनेक्शन सौंपा। प्रधान ने कहा, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर हमने सात करोड़ कनेक्शन का आंकड़ा पार कर लिया है। योजना तय समय से चल रही है। हमने जो वादा किया वो पूरा किया। नामुमकिन अब मुमकिन है। उन्होंने कहा कि 1 मई, 2016 ने लांच हुई इस योजना ने 34 महीने के भीतर ही इतनी बड़ी उपलब्धी हासिल की है। उन्होंने कहा कि 2014 में एलपीजी कनेक्शन 55 फीसदी जनसंख्या के पास था जो अब 93 फीसदी जनसंख्या के पास है।

केजरीवाल ने कांग्रेस को बताया अहंकारी

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली में कांग्रेस के अकेले चुनाव लड़ने के ऐलान के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने पार्टी को अहंकारी करार देते हुए दावा किया कि चुनाव में उसके उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो जाएगी.

यहां मुस्तफाबाद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने दावा किया कि उनकी पार्टी ने कांग्रेस को गठबंधन करने के लिए राजी करने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं समझ पाई. उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस लोकसभा चुनाव में दिल्ली में अपनी जमानत गंवा बैठेगी.

दिल्ली कांग्रेस की अध्यक्ष शीला दीक्षित ने हाल ही में ऐलान किया था कि उनकी पार्टी ने एकमत से लोकसभा चुनावों के लिए आप से गठबंधन नहीं करने का फैसला किया है. इसके बाद केजरीवाल ने दावा किया कि, लोकसभा चुनावों में कांग्रेस के उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो जाएगी.

अल्पसंख्यक बहुल मुस्तफाबाद में केजरीवाल ने लोगों से यह ध्यान रखने को कहा कि उनका वोट कांग्रेस और आप के बीच नहीं बंटे. उन्होंने कहा, दिल्ली में आप को वोट दें क्योंकि सिर्फ हम ही लोकसभा चुनावों में बीजेपी को हरा सकते हैं.

पीएम मोदी और नीरव मोदी भाई-भाई

राहुल गांधी का तंज

नयी दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने बैंक धांधली कर विदेश भागे नीरव मोदी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में 'विलक्षण समानता' बताते हुए शनिवार को कहा कि दोनों को कानून का सामना करना पड़ेगा। गांधी ने एक ट्वीट में कहा, भगौड़े नीरव मोदी का लंदन का वीडियो दिखाता है कि उसमें और उसके भाई प्रधानमंत्री मोदी में विलक्षण समानता है। उन्होंने कहा, दोनों ने भारत को लूटा है और दोनों मोदी कहे जाते हैं। दोनों किसी भी सवाल का जवाब देने से इंकार करते हैं। दोनों समझते हैं कि वे कानून से ऊपर हैं। दोनों को कानून का सामना करना पड़ेगा। खबरों के अनुसार पंजाब नेशनल बैंक में करोड़ों रुपए की धांधली करने वाला हीरा कारोबारी नीरव मोदी लंदन में हैं और अपना कारोबार चला रहा है।

1000 किलो विस्फोटक के साथ 2 गिरफ्तार

लोकसभा चुनाव से पहले बड़ी साजिश की आहट



कोलकाता (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में शनिवार को 1,000 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री से लदे एक माल वाहन को पकड़ा गया है और दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पूर्व सूचना के आधार पर, कोलकाता पुलिस के विशेष कार्य बल ने सुबह चितपुर के ताला ब्रिज से वाणिज्यिक वाहन को पकड़ा।

एक पुलिस अधिकारी ने कहा, 27 बोरियों में रखा लगभग 1,000 किलोग्राम विस्फोटक पदार्थ (पोटेशियम नाइट्रेट) जब्त कर लिया गया। ओडिशा से आया वाहन उत्तर 24 परगना जिले की ओर जा रहा था।

महत्वपूर्ण एवं खास

पाकिस्तानी हवाईक्षेत्र 11 मार्च तक बंद रहेगा

इस्लामाबाद (आरएनएस)। पाकिस्तान के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (सीएए) ने शनिवार को कहा कि देश का हवाईक्षेत्र 11 मार्च तक सभी पारगमन उड़ानों के लिए बंद रहेगा। जियो टीवी की रिपोर्ट के मुताबिक, सीएए ने अपनी नई अधिसूचना में कहा कि पाकिस्तानी हवाईक्षेत्र के खुलने में 11 मार्च (सोमवार) दोपहर बाद तीन बजे तक विलंब कर दिया गया है। शुक्रवार को विमानन प्राधिकरण ने पारगमन उड़ानों का परिचालन शनिवार दोपहर बाद तीन बजे फिर से शुरू किए जाने की घोषणा की थी।

मौक्सिको में सेना से संघर्ष में छह संदिग्ध अपराधी ढेर

मैक्सिको सिटी (आरएनएस)। मौक्सिको के उत्तरपूर्वी प्रांत तमुलिपास में मौक्सिको सैनिकों के साथ मुठभेड़ों में छह संदिग्ध अपराधी मारे गये। एक्सेलसियर न्यूज पोर्टल के अनुसार, अपराधियों और सैनिकों के बीच दो अलग-अलग स्थानों पर संघर्ष न्यूवो लारेडो शहर के पास हुआ।

भारतीय सेना को मिले नए अधिकारी

172 कैडेट्स ने पूरी की पासिंग आउट परेड

नई दिल्ली (आरएनएस)। सेना के अधिकारी के तौर पर यहां ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी (ओटीए) से 172 कैडेट्स ने शनिवार को पासिंग आउट परेड के साथ ही कमीशन प्राप्त किया।

देश के 11 और राज्यों में दूरदर्शन चैनलों की शुरुआत

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि प्रसार भारती ने 11 और राज्यों के दूरदर्शन चैनल शुरू किये हैं जिनमें पांच चैनल पूर्वोत्तर के राज्य के हैं।

शीला दीक्षित ने सोनिया गांधी से मुलाकात की

आप से गठबंधन की अटकलें

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शीला दीक्षित ने शनिवार को यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात की. सूत्रों के मुताबिक सोनिया गांधी की शीला दीक्षित के साथ यह मुलाकात तकरीबन 40 मिनट चली.

कृषि परिवारों की स्थिति के आकलन का साल 2013 के बाद नहीं हुआ कोई सर्वेक्षण

नई दिल्ली। किसानों की स्थिति को लेकर देश में जारी बहस के बीच पिछले 5 वर्षों में कृषि परिवारों की आय में वृद्धि का कोई तुलनात्मक अनुमान उपलब्ध नहीं है. राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) ने 2013 के बाद से कृषि परिवारों की स्थिति के आकलन का कोई सर्वेक्षण नहीं किया. संसद के हाल में संपन्न बजट सत्र के दौरान एक प्रश्न के लिखित जवाब में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने यह जानकारी दी.राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय द्वारा पिछला 'कृषि परिवारों की स्थिति का आकलन सर्वेक्षण' कृषि वर्ष जुलाई 2012-जून 2013 के लिये 70वीं पारी के संदर्भ में किया गया था.

शादी के बंधन में बंधे आकाश अंबानी और श्लोका मेहता

नई दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के बड़े बेटे आकाश अंबानी और श्लोका मेहता शनिवार को शादी के बंधन में बंध गए हैं. यह शादी गुजराती रीति-रिवाज से मुंबई में संपन्न हुई. शनिवार शाम को बारात निकलने से पहले आकाश अंबानी ने अपने दादा और रिलांयस इंडस्ट्रीज के संस्थापक धीरूभाई अंबानी से आशीर्वाद लिया. आकाश अंबानी की बारात में उनके माता-पिता, बहन ईशा के अलावा बॉलीवुड के सितारे डांस करते नजर आए. बारात में शाहरुख खान, उनकी पत्नी गौरी और रनबीर कपूर खासतौर पर शामिल हुए. शादी के बाद की सामने आई पहली तस्वीरों में नीता अंबानी दूल्हा-दुल्हन की नजर उतारती नजर आ रही हैं।